भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3090

दिनांक 18.12.2025 को उत्तर के लिए नियत

कॅयर बोर्ड के स्थायी अध्यक्ष की नियुक्ति

3090. श्री हैबी ईडन:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि कॅयर बोर्ड काफी समय से बिना बोर्ड, स्थायी अध्यक्ष, सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के कार्य कर रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने कॅयर बोर्ड के कामकाज और कॅयर उद्योग के समग्र प्रदर्शन पर इस नेतृत्वहीनता के प्रभाव का आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या स्थायी अध्यक्ष न होने के कारण समय पर निर्णय लेने, योजनाओं के कार्यान्वयन और कॅयर क्षेत्र को सहयोग और प्रोत्साहन देने की बोर्ड की क्षमता को प्रभावित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने कॅयर उद्योग जो ऐतिहासिक रूप से ग्रामीण रोजगार और निर्यात आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत रहा है, में लगातार हो रही गिरावट पर ध्यान नहीं दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार कॅयर बोर्ड में स्थायी अध्यक्ष की तत्काल नियुक्ति और उद्योग को पुनर्जीवित करने के लिए मजबूत और स्थिर नेतृत्व बहाल करने हेतु कदम उठा रही है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) से (ङ): कयर बोर्ड, कयर उद्योग अधिनियम, 1953 के अंतर्गत कयर क्षेत्र के प्रचार, विकास और सतत विकास के लिए स्थापित एक सांविधिक निकाय है। सरकार ने सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत रूप से अनुमोदित एक अध्यक्ष की नियुक्ति करके कयर बोर्ड के नेतृत्व और काम-काज में निरंतरता सुनिश्चित की है, जो सभी उचित कार्यों का निर्वहन कर रहा है। हाल के वर्षों में कयर बोर्ड के कार्यनिष्पादन में निरंतर वृद्धि हुई है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, कयर क्षेत्र ने उत्पादन, निर्यात और रोजगार में निरंतर वृद्धि दिखाई है। कयर और कयर उत्पादों का वार्षिक निर्यात वर्ष 2014-15 के दौरान 1,630.33 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2024-25 के दौरान 4,343.45 करोड़ रुपये हो गया, जबकि इसी अवधि के दौरान कयर का वार्षिक उत्पादन 5.42 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 8.01 लाख मीट्रिक टन हो गया है, जिससे कयर क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ गए हैं। कयर बोर्ड ने कयर उद्योग के विकास के लिए विगत पांच वर्षों के दौरान 90 से अधिक नई मशीनें, प्रौद्योगिकियां और कयर मूल्य-वर्धित उत्पाद विकसित किया है और कयर उद्यमियों, इकाइयों और कारीगरों तक इसका प्रसार किया है।

सरकार कयर उद्योग की वृद्धि और विकास के लिए कयर बोर्ड के नेतृत्व और प्रभावी कामकाज में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

****